भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10 बहादुर, शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110124

परीक्षा अनुभाग

संख्या. 615/45-परीक्षा/परिपत्र/अगस्त 2016/2010/ खण्ड-III

दिनांक: - 25-07-2016

2016 का परिपत्र संख्या 11

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी सम्बन्धित कार्यालय
आर.टी.आई/ आर.टी.सी/ एन.ए.ए.ए. शिमला/आई सी आई एस ए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय: - अगस्त, 2016 अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस)/राजस्व लेखापरीक्षा/ प्रोत्साहन परीक्षा एवं सतत् व्यवसायिक विकास (सीपीडी-I) परीक्षाएँ

महोदय/महोदया,

यह सूचित किया जाता है कि पी.सी.-I, भाषा कौशल के हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिए वार्षिक एस.ए.एस.परीक्षा, अगस्त, 2016 में परीक्षा देने के लिए कस्टमाईजड ले आउट की बोर्ड "रैमिंगटन" के साथ आम तौर पर प्रयोग होने वाला "अक्षर" फोन्ट उपलब्ध होगा। यही पहले से ही सी.ए.जी की बेबसाइट पर पी.सी-I भाषा कौशल के अभ्यर्थियों को अभ्यास के लिए डेमो टैस्ट में अपलोड किया हुआ है। डेमो टेस्ट वेबसाइट http://cbexams.com/cagdtest, पर उपलब्ध है जिस पर मार्ग About Us > Other Wings > Examination. द्वारा भी पहुंचा जा सकता है। पीसी-4/आईई-4 सूचना तकनीकी (व्यवहारिक) एवं पीसी-I भाषा कौशल पेपर अगस्त 2016 (मुख्य) एसएएस/प्रोत्साहन परीक्षा के लिए आपरेटिंग सिस्टम तथा साफ्टवेयर क्रमशः "विंडो एक्सपी" एवं "एम एस ऑफिस 2003" होगा। इसलिए अभ्यर्थियों को इसके अनुसार प्रशिक्षण देना चाहिए। यह दोहराया जाता है कि अभ्यर्थियों को सी.बी.टी.मोड द्वारा परीक्षा से परिचय कराने के लिए, पी.सी.-I भाषा कौशल के भाग "ब" (मसौदा तथा लेखन योग्यताएं) सहित संबंधित पेपरों में अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें।

इस के अतिरिक्त सीबीटी मोड में परीक्षा देते समय टैब एवं कन्ट्रोल कीज, कट, कापी एवं पेस्ट कमान्ड्स को प्रश्न-पत्र की परीक्षा के समय निष्क्रिय कर दिया जायेगा। टूल बॉक्स में दर्शाया गया इन्डेन्ट बटन का प्रयोग पैरो के बीच की जगह बढ़ानें या घटाने में किया जाता है जैसा कि अनुदेशों में इंगित है। पी.सी.-4/आई.ई-4 सूचना तकनीकि (व्यवहारिक)प्रश्न-पत्र में भी शार्ट कट कीज़ जैसे Ctrl Key भी निष्क्रिय रहेगी।

अगस्त, 2016 की एस.ए.एस./आई.ई. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को तद्नुसार सूचित किया जाये।

कृपया इस पत्र की पावती को e-mail id: examsection@cag.gov.in. पर भेंजे।

भवदीय

हस्ता/-

(एस.आर.धल)

महानिदेशक (परीक्षा)